Newsletter

MAY 2023 | Issue 5


# Amaltas College of Education

*"Education is what remains when one has forgotten what one has learned in school"*




*Tour of the local Indrapuri Dam by the Students*


## CTET Results




**B.Ed. 2020-22**




**D.El.Ed. 2020-22**




**All Bihar**


Central Teacher Eligibility Test (CTET), is a national-level exam conducted in India by the Central Board of Secondary Education (CBSE) and is essential qualification for jobs with the Central or State Government schools in classes 1-8.

## Alumni Update

| Batch | Total No. of Students | Passed CTET / STET | Employed or Pursuing Higher Ed. |
|---|---|---|---|
| **B.Ed.** | | | |
| 2016-18 | 33 | 67% | 94% |
| 2017-19 | 48 | 67% | 88% |
| 2018-20 | 16 | 56% | 69% |
| 2019-21 | 49 | 29% | 14% |
| 2020-22 | 47 | 57% | 15% |
| 2021-23 | 49 | 49% | 0% |
| **D.El.Ed.** | | | |
| 2018-20 | 26 | 31% | 15% |
| 2019-21 | 29 | 17% | 10% |
| 2020-22 | 19 | 58% | 26% |
| 2021-23 | 25 | 44% | 0% |

# Darwin's Day

## 12 Feb 2023



12th February 2023 को अमलतास कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में महान जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन की जयंती मनायी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक शशि कुमार शेखर ने विस्तार से डार्विन के जैव विकासवाद के सिद्धांत का महत्त्व तथा उसके विभिन्न पक्षों पर गहन चर्चा एवं विश्लेषण किया। इस दौरान उन्होंने श्रोताओं को विभिन्न धर्मों के अनुसार सृष्टि रचना एवं मानव उत्पत्ति से सम्बंधित मान्यताओं से भी अवगत कराया। साथ ही उन्होंने डार्विन द्वारा उनके सिद्धांत के समर्थन में प्रस्तुत किये गए साक्ष्यों एवं प्रमाणों पर गहन चर्चा की तथा अन्य विद्वानों द्वारा दिए गए तर्कों और प्रमाणों को श्रोताओं के समक्ष रखा । कार्यक्रम के अन्तिंम चरण में छात्रों को एक समूह कार्य दिया गया। इस समूह कार्य में उपस्थित सभी छात्रों को तीन समूह में विभाजित किया गया और इस समूह कार्य मे तीन विषय रखे गए - 1. डार्विन एंड गॉड 2. आज की दुनिया में प्रतियोगिता 3. आप दुनिया में जो बदलाव देखना चाहते हैं । इन विषयों पर छात्रों को भी अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे तथा समूह कार्य में उनका भी सहयोग सराहनीय रहा।

# Spic Macay | Chhau Dance

## 3 March 2023



3rd March 2023 को अमलतास कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के परिसर में स्पिक मैके के तत्वावधान में कलाकारों ने सुप्रसिद्ध छऊ नृत्य शिक्षक प्रशिक्षुओं के बीच जीवंतता के साथ प्रस्तुत किया। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के "शीतलपुर गणेश छौ नृत्य संस्था " से आए कलाकारों ने भाव भंगीमाओं और नृत्य के माध्यम से युद्ध की तकनीक को विशिष्ट रूप से प्रस्तुत किया । परंपरागत लोक संगीत की धुन के साथ ढोल, धूम्सा, खर्रा, मोहरी व शहनाई जैसे वाद यंत्रों के प्रयोग से छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी । कलाकारों ने छऊ नृत्य के माध्यम से महिषासुर वध प्रसंग दिखाकर महिला सशक्तिकरण का भी संदेश दिया । कार्यक्रम के संयोजक चीनी बॉस महतो ने बताया कि वर्तमान परिवेश में अपनी लोक कलाओं को जीवित रखना हमारे हाथ में हैं। बचपन से बच्चों को शास्त्रीय कलाओं के साथ लोक कलाओं को भी सिखाया जाए तो उनकी भी पहचान भारत की मिट्टी से होगी। मौके पर संस्थान के अध्यक्ष श्री रणजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिन्हा न्यास सदस्या श्रीमती सलोनी सिन्हा, अमेरिका से आये विशेष अतिथि श्री बॉब सहित सभी शिक्षक एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# HOLI

## 4th March 2023




The 'festival of colors' was celebrated on the college premises with much joy and enthusiasm on Saturday, 4th March. With a string of music, dances, stand-up comedy and humorous poems, the day was celebrated on a high note. This year, the event was organized by Assistant Professor, Ms. Lovely Saw & Librarian Mr. Abhishek Kumar.

Students of B.Ed. & D.El.Ed. 1st year participated with zeal and fervor and showcased their talents while the 2nd year students supported their juniors and enjoyed the event by cheering them. Students welcomed everyone to the event with Tilak and Gulal.

The program began with the song 'Mithila me Ram' led by Neha. Ritu Kumari's stand-up comedy had everyone in splits. Mamta & Sheetal's dance to Dola re Dola was well appreciated. Nandani Kumari did the anchoring while Amisha Shukla proposed a vote of thanks in a poetic way. Students smeared colors on each other after the event and enjoyed the lunch arranged for them in the college. The entire campus reverberated with chants of 'Happy Holi'.

On this occasion, Chairman Mr. Ranjit Sinha, Trustee Ms. Saloni Sinha, Principal Dr. Uday Narayan Singh, along with all the faculty members were present to cherish the day.



# Sone Aradhana: Education & India's Progress

## 25 March 2023




25th March को सोन आराधना के 15वां संस्करण में स्व. विपिन बिहारी सिन्हा स्मृति व्याख्यान के तहत "शिक्षा और भारत की प्रगति" विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत अमलतास निकेतन के विद्यार्थियों के द्वारा संस्कृत में गणेश वंदना से हुई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एम. के. सिंह, कुलपति गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार, प्रो. राम इकबाल सिंह, एवं संस्थान के अध्यक्ष श्री रणजीत सिन्हा ने मंच पर आकर स्व.विपिन बिहारी सिन्हा जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और संग ही इस विचार पर ज़ोर दिया कि शिक्षा ही भारत के वर्तमान प्रगति का आधार है ।

शशि कुमार शेखर ने कहा कि भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने के लिए हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है । प्रो. राम इकबाल सिंह ने कहा कि चरित्र के बिना शिक्षा का कोई मूल्य नहीं है ।उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी भाषा को हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिए तभी राष्ट्र सशक्त कदमों से आगे बढ़ पायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. एम. के. सिंह ने भारत के प्रगति को क्रमिक रूप से बताया तथा हमारी विफलताओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया। अंत में तिलौथु प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय सिंह ने समग्रता और सहकारिता की भावना को बढ़ाने में शिक्षा के योगदान को रेखांकित किया। अमलतास निकेतन के बच्चों ने कार्यक्रम के बीच-बीच में मधुर गीत प्रस्तुत किए । कार्यक्रम का संचालन नम्रता प्रियदर्शिनी और अमीषा शुक्ला ने किया । धन्यवाद् ज्ञापन भी महाविद्यालय की छात्रा शीतल कुमारी ने किया। कार्यक्रम में इस क्षेत्र के प्रबुद्ध शिक्षाविद और महाविद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# क्या आप जानते हैं?

नौटंकी शब्द की व्युत्पत्ति कहाँ से हुई है? कुछ विद्वानों का मानना है कि "नौटंकी" पंजाब की एक सुंदरी नायिका थी। उसके जीवन वृत्त पर लिखा गया स्वांग इतना अधिक सफल हुआ कि बाद में और जो भी स्वांग उस शैली में लिखे गए वे भी नौटंकी कहे जाने लगे!



नौटंकी उत्तरी भारत में व्यापक रूप से फैली हुई लोक-नाट्य शैली है। मन को रमाने की शक्ति के साथ-साथ नौटंकी में वे सभी तत्व विद्यमान हैं जो राष्ट्रीय चेतना को उद्भूत करने, जन-जागृति लाने और जीवन मूल्यों के विकास के लिए अनिवार्य है। आज परिवर्तन के बयार में नौटंकी ने अपनी पहचान खो दी है और अब उसके नाम पर सिर्फ अश्लीलता व फूहड़ता परोसा जाता है, जिसके कारण आज नौटंकी शब्द सिर्फ व्यंग और उपहास तक सिमट कर रह गया है।

# School Experience

## Experience is the teacher of all things, every experience makes us grow



The fact that I can impact a young person's life is very exciting to me. I am Sweksha Bharti, a 2nd year B.Ed. student (2021-23 batch). I have just completed my second and final round of school internship. The most beautiful part of this experience was the consistent appreciation from my students as well as my fellow classmates. Just as a potter enjoys the making of the pot, I loved and enjoyed the process of knowledge construction in my students.

In my first class, I observed the students and planned for their teaching learning process such that I could maximize their level of learning. As I started taking classes, I realized that I am not just a teacher for them but also a motivator, guide, parent and a person they look up to. I realized the responsibility of being a teacher and how difficult it is to maintain my standards as a teacher on a consistent basis. In just a few weeks, I developed a strong connection with my students. I want to thank the senior teachers, the school principal and staff for their guidance and support.

I am very excited to announce that I have just accepted my first job offer as a teacher in Amaltas Niketan, and want to express my gratitude towards this institution for providing me with such wonderful exposure and the opportunity to fulfill my dreams.



मेरे स्कूल इंटर्नशिप कार्यक्रम की अवधि 3 माह रही, जो 18-01-2023 से 15-04-2023 तक चली थी। मुझे अमलतास कॉलेज ऑफ एजुकेशन के माध्यम से मध्य विद्यालय, महाराजगंज में प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था। इस दौरान एक शिक्षिका के रूप में मुझे कई अनुभव प्राप्त हुए। विद्यालय में प्रशासनिक व्यवस्था अच्छी थी। घण्टी बजते ही बच्चे प्रार्थना के लिए पंक्ति मे लग जाते थे। प्रार्थना के बाद बच्चे पंक्ति बनाकर अपनी- अपनी कक्षा में जाते थे।इस प्रकार हमने पाया की छात्रों में स्वानुशासन की भावना है। प्रार्थना सभा मे बच्चे को सही पंक्ति में खड़ा करना, उनकी स्थिति सही करना, इन सभी दायित्यों की समझ विकसित हुई।

बच्चों को कक्षा मे अनुशासन मे रखना, उनको विभिन्न प्रकार के शिक्षण बिन्दुओं को समझाना व गृहकार्य देना आदि मेरे लिए रोमांचकारी अनुभव था। इस प्रकार शिक्षिका के रूप मे बच्चों को समझाने का तरीका पता चला। एक शिक्षिका के रूप मे बच्चों को इस प्रकार से पढ़ाऊँ कि बच्चों को आसानी से समझ मे आ सके। इसके दौरान ही मैं श्यामपट्ट पर लिखना सीखी। शुरुआत में तो मेरी हस्तलेखन अच्छी नहीं थी किंतु धीरे-धीरे सुधार हो गया। इसके आलावा हिन्दी पढ़ाते वक्त शुद्ध उच्चारण करना, नोट्स बनवाना, छात्रों की उपस्थिति बनाना, परीक्षा की कॉपी जांचना, रिजल्ट तैयार करना आदि सीखने के अवसर प्राप्त हुए। इन्टर्नशिप के दौरान मैं वो सब सीखी जो एक शिक्षक का कार्य होता है।

मेरा नाम दिव्या कुमारी है और मैं डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष की छात्रा हूँ।

# Academic Events





## B.Ed. Admissions - 2023-25

Lalit Narayan Mithila University, the nodal University managing B.Ed. admissions in Bihar conducted the B.Ed. CET on 8-Apr-2023 and declared the results on 20-Apr-2023. Counselling started on 24-Apr-2023, and admissions are expected to be completed in June 2023 in three rounds plus the spot round, for an on-time start to the new academic session on 1-Jul-2023.

## D.El.Ed. Admissions - 2023-25

The D.El.Ed. CET exams are from the 5th-15th June 2023. Results, counselling and admissions will follow. The start of the new academic session is expected to be delayed to August 2023.

## Practice Teaching

15 April 2023

School internship of B.Ed. & D.El.Ed. students (2021-23 batch) that started on 18-Jan-2023 was completed on 15-Ap-2023 . During this time (13 weeks) students transitioned from simulated classroom teaching to real classrooms teaching in local schools under the guidance of their mentors. Their teaching was aided by lesson plans and teaching-learning material that they had been trained to prepare over several weeks prior to the start of their internships.

## School Observation

6 May 2023

Students of B.Ed. first year (2022-24 batch) completed their mandatory 4-week school observation in April and May 2023. This is the their first real-school experience as student-teachers. During this time they are also required to do their first case-study under the guidance of their mentors.

## Internal Exams

10-May-2023

The annual internal exams were conducted for all students from 10-May to 17-May 2023. These exams prepare the students for their final university exams and is one of the many criterion for internal marking and grading.

## University Exams

13-June-2023

Final university exams for B.Ed. students are scheduled from 13-June-2023. Final exams of D.El.Ed. students are expected in June too though dates have not been announced by BSEB.

# Upcoming Events in July 2023

## 1-July-2023
New Academic Session

## 3-July-2023
Student Orientation: B.Ed. 2023-25 Batch

## 4-July-2023
Celebrating our Founder Dr. Saroj Agarwal

